सत्र - 2022-23
नियमित गतिविधि छायाप्रति

# राष्ट्रीय सेवा योजना


शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

http://www.gsvcbodla.ac.in email – collegebodla@gmail.com


पत्र क्रमांक ....277.... बोड़ला, दिनांक ..07/08/23....

प्रति,

कुलसचिव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

जिला – दुर्ग (छ.ग.)

विषय :– नियमित गतिविधि कार्यक्रम प्रतिवेदन/विवरण एवं व्यय पत्रक प्रेषण बाबत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि सत्र 2022–23 में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नियमित गतिविधियों के आयोजन पश्चात कार्यक्रम विवरण/प्रतिवेदन तथा व्यय पत्रक (मूल व्हाउचर भुगतान की मूल प्रति) आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर सादर प्रेषित है।

कृपया उपरोक्तानुसार नियमित गतिविधि राशि समायोजित करने का कष्ट करेंगे।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

उमेश कुमार पाठक

कार्यक्रम अधिकारी (रा.से.यो.)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय
बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

(श्री आर. के. पाठक)

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt Swami Vivekanand College
Bodla, Distt-Kabirdham(C.G.)

प्रपत्र क. – 11–ब

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## नियमित गतिविधि कार्यकम का विवरण

| क. | दिनॉक | संपन्न अयोजित कार्य का विवरण | भाग लेने वाले छात्र छात्राओं की संख्या | व्यतित घण्टे | कार्य स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 22/10/2022 | परियोजना कार्य एवँ NSS संबंधी परिचर्चा का आयोजन | 43 | 5 | महाविद्यालय भवन |
| 11 | 05/11/2022 | नियमित जलबोधा एवं परिसर के समस्त पौधों का संरक्षण. | 56 | 6 | महाविद्यालय परिसर एवँ ग्रीन जोन |
| 12 | 12/11/2022 | खेल मैदान में पौधारोपण एवं परियोजना कार्य | 46 | 5 | महाविद्यालय खेल मैदान एवं प्रांगण |
| 13 | 19/11/2022 | स्वच्छता अभियान एवं जलसंरक्षण पर परिचर्चा आयोजन | 56 | 6 | महाविद्यालय परिसर एवँ सभाकक्ष |
| 14 | 26/11/2022 | स्वच्छता आयोजन एवं बौद्धिक परिचर्चा | 54 | 4 | महाविद्यालय परिसर एवँ प्रांगण |
| 15 | 03/12/2022 | बॉटनिकल गार्डन के खरपतवारों की सफाई | 59 | 6 | बॉटनिकल गार्डन एवँ ग्रीन जोन |
| 16 | 10/12/2022 | मानवाधिकार दिवस एवं खेल मैदान लीपिंग | 36 | 4 | महाविद्यालय परिसर एवं मैदान |
| 17 | 17/12/2022 | पौधा संरक्षण एवँ परिसर की साफ-सफाई | 54 | 6 | महाविद्यालय ग्रीन जोन एवँ प्रांगण |
| 18 | 27/12/2022 | महाविद्यालय कक्षों की विशेष सफाई अभियान | 32 | 4 | महाविद्यालय के विभिन्न कक्ष |

प्राचार्य
हस्ताक्षर एवं सील
PRINCIPAL
Govt.Swami Vivekanand College
BODLA, Distt.-Kabirdham (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
हस्ताक्षर
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास.स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय
बोडला,जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

(प्रपत्र – 11 अ के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।)

टीप – प्रत्येक वर्ष 120 घण्टे की सेवा आवश्यक है।

urg University Durg

प्रपत्र क. – 11–ब

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## नियमित गतिविधि कार्यक्रम का विवरण

| क. | दिनॉक | संपन्न अयोजित कार्य का विवरण | भाग लेने वाले छात्र छात्राओं की संख्या | व्यतित घण्टे | कार्य स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 07/01/2023 | महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान एवं रैली तैयारी | 53 | 6 | महाविद्यालय सभाकक्ष एवं प्रांगण |
| 20 | 28/01/2023 | नियमित गतिविधि एवं पौधा संरक्षण कार्य | 54 | 6 | महाविद्यालय परिसर एवं ग्रीन जोन |
| 21 | 04/02/2023 | परियोजना कार्य एवं NSS प्रमाण पत्र की तैयारी | 51 | 5 | महाविद्यालय प्रांगण एवं सभाकक्ष |
| 22 | 24/02/2023 | अंतिम नियमित गतिविधि अंतर्गत वृहद स्वच्छता अभियान | 44 | 7 | महाविद्यालय परिसर एवं ग्रीन जोन |
| 23 | 17/12/2022 | जिला स्तरीय शिविर (एक दिवसीय, कवर्धा) यात्रा भत्ता | 2+1 = 03 | – | आ. प. श्री. गु. मु. ना. वी. शा. स्नात. मह. कवर्धा |
| 24 | 27/01/2023 | राज्य स्तरीय शिविर दुर्ग, यात्रा भत्ता | 01 | – | कृष्णा महाविद्यालय खम्हरिया, दुर्ग |
| | | | | | |

प्राचार्य

हस्ताक्षर एवं सील

Govt. Swami Vivekanand College Bodla, Distt. Kabirdham (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी

हस्ताक्षर एवं सील

राष्ट्रीय सेवा योजना

शास.स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय

बोडला,जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

(प्रपत्र – 11 अ के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।)

टीप – प्रत्येक वर्ष 120 घण्टे की सेवा आवश्यक है।

Durg University Durg

प्रपत्र क. – 11–ब

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## नियमित गतिविधि कार्यक्रम का विवरण

| क. | दिनॉक | संपन्न अयोजित कार्य का विवरण | भाग लेने वाले छात्र छात्राओं की संख्या | व्यतित घण्टे | कार्य स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06/08/2022 | नियमित गतिविधि एवँ स्वच्छता पखवाड़ा | 36 | 5 | महाविद्यालय परिसर |
| 2 | 20/08/2022 | गोद ग्राम मे स्वच्छता एवँ जागरूकता अभियान | 37 | 5 | गोद ग्राम भोरा |
| 3 | 03/09/2022 | पौधारोपण एवँ पौध संरक्षण कार्य | 41 | 6 | महाविद्यालय परिसर एवँ मैदान |
| 4 | 17/09/2022 | नये स्वयंसेवकों का चयन एवँ प्रशिक्षण | 54 | 5 | महाविद्यालय भवन |
| 5 | 20/09/2022 | परियोजना कार्य एवँ बौद्धिक परिचर्चा | 33 | 5 | महाविद्यालय परिसर |
| 6 | 24/09/2022 | राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस आयोजन | 40 | 6 | महाविद्यालय प्रांगण |
| 7 | 30/09/2022 | पौध संरक्षण एवं खरप. एवं मेंढ़ संधारण | 32 | 5 | महाविद्यालय गार्डन परिसर |
| 8 | 08/10/2022 | नियमित गतिविधि विशेष स्वच्छता कार्य | 55 | 6 | संपूर्ण महा. परिसर |
| 9 | 15/10/2022 | बॉटनिकल गार्डन स्वच्छता एवँ रक्तदान जागरूकता | 54 | 6 | महाविद्यालय एवँ बाँधाटोला |

प्राचार्य

हस्ताक्षर एवं सील

PRINCIPAL
Govt.Swami Vivekanand College
BODLA, Distt.-Kabirdham (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी

हस्ताक्षर एवं सील

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास.स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय
बोडला,जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

(प्रपत्र – 11 अ के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।)

टीप – प्रत्येक वर्ष 120 घण्टे की सेवा आवश्यक है।

राष्ट्रीय सेवा योजना
शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
http://www.gsvcbodla.ac.in
email – collegebodla@gmail.com

पत्र क्रमांक ..............................

बोड़ला, दिनांक ..............................

दिनांक – 06 अगस्त 2022

नियमित गतिविधि एवं स्वच्छता पखवाड़ा में कार्य

आज दिनांक 06 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमित गतिविधि अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता का कार्य किया गया। उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा मनाते हुए महाविद्यालय परिसर एवं आसपास मे सफाई अभियान चलाया गया। नवीन सत्र की यह प्रथम नियमित गतिविधि रही, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता निभाई।

---

दिनांक – 20 अगस्त 2022

गोद ग्राम में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान

आज दिनांक 20 अगस्त 2022 को कोविड – 19 जागरूकता, स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत, जल ही जीवन है जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर गोदग्राम मीरा में एक दिवसीय दिवा स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधी तथा ग्रामीण जन भी शामिल हुये । महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने जागरूकता के लिए लोगो के घर घर संपर्क किया तथा विद्यालय भवन एवं आंगनबाड़ी के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया।

---

दिनांक – 03 सितंबर 2022

पौधारोपण एवं पौध संरक्षण कार्य

आज दिनांक 03 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा पूनः परियोजना कार्य का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्य किया गया। महाविद्यालय में स्वच्छता कार्य के पश्चात परिसर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण का कार्य किया गया। पौधारोपण अभियान चलाते हुए सभी स्वयंसेवकों को अपने गाँवों में भी हरियाली बनाऐ रखने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया जिसमें पर्यावरण एवं उसके संरक्षण विषय पर कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

---

## दिनांक – 17 सितंबर 2022

### नये स्वयंसेवकों का चयन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम

कोविड नियमों का पालन करते हुए आज दिनांक 17 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत नये स्वयंसेवकों के चयन का कार्य पूर्ण किया गया। कोरोना काल के दौरन महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के द्वारा किये गये कार्यों का उदाहरण देते हुए विभिन्न आयोजनों एवं परियोजना कार्यों के सबंध में भी जानकारी दी गई।

चयन उपरांत "राष्ट्र सेवा में एन.एस.एस. की भूमिका" विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा इस दौरान किये गये कार्यों की जानकारी दी गई साथ ही नवीन स्वयंसेवकों को इस सेवा अभियान को निरंतरता प्रदान करने हेतु प्रेरित भी किया गया।

---

## दिनांक – 24 सितंबर 2022

### राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस उत्सव

आज दिनांक 24 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में सभी विद्यार्थियों के लिए "राष्ट्र सेवा" विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के विचारों और उद्देश्यों को लेकर एक रैली का आयोजन भी किया गया। सभी स्वयंसेवको ने राष्ट्र के कार्य को अपना कर्तव्य मानते हुए जीवन भर सेवा कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

---

## दिनांक – 08 अक्टूबर 2022

### नियमित गतिविधि एवं महाविद्यालय विशेष स्वच्छता अभियान

आज दिनांक 08 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमित गतिविधि अंतर्गत परियोजना कार्य का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्रीन जोन की सफाई एवं पौधों को मिट्टी, पानी, खाद दिया गया। दूसरे चरण में प्रांगण की विशेष सफाई एवं अध्ययन कक्षों की सफाई एवं व्यवस्थापीकरण का कार्य किया गया।

---

## दिनांक – 15 अक्टूबर 2022

### बॉटनिकल गार्डन कार्य, रक्तदान जागरूकता एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम

आज दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत परियोजना कार्य आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर के बॉटनिकल गार्डन में लगाये गए पौधों के चारों ओर सफाई एवं निंदाई का कार्य किया गया साथ ही उन्हें मिट्टी एवं खाद दिया गया। परिसर में रोपित सभी पौधों के संरक्षण के लिए यथोचित प्रयास किये गए। प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ–सफाई का कार्य किया गया।

---
















**कार्यक्रम अधिकारी** **प्राचार्य**

## दिनांक – 22 अक्टूबर 2022

## परियोजना कार्य एवं एन.एस.एस. संबंधी परिचर्चा का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना के परियोजना कार्य अंतर्गत आज दिनांक 22 अक्टूबर 2022 को विभिन्न कार्य किये गये। आज के परियोजना कार्य में महाविद्यालय के सामने स्थित ग्रीन जोन में खरपतवार का उन्मूलन एवं क्यारियों में स्वच्छता व मिट्टी डालने का कार्य किया गया। महाविद्यालय के अंदर के प्रांगण की साफ–सफाई एवं पौधों के संरक्षण के लिए कार्य भी किए गये। बौद्धिक परिचर्चा के क्रम में एन.एस.एस. के नियमावली एवं गीत आदि समस्त आवश्यक जानकारियॉं स्वयंसेवकों को दी गई । सभी स्वयंसेवकों को अपने क्षेत्रों में जनसेवा के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न जानकारियॉं दी गई ।

---

## दिनांक – 05 नवंबर 2022

## नियमित गतिविधि एवं परिसर के समस्त पौधों का संरक्षण कार्य

आज दिनांक 05 नवंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत नियमित गतिविधि एवं परियोजना कार्य का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण, सामने के परिसर तथा ग्रीन जोन की साफ–सफाई की गई। ग्रीन जोन के शेष खरपतवार को आज दिनांक को सम्पूर्ण रूप से नष्ट किया गया। एकत्रित किये गये खरपतवार एवं कचरों का निपटान भी स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।

---

## दिनांक – 12 नवंबर 2022

## खेल मैदान में पौधारोपण एवं परियोजना कार्य

दिनांक 12 नवंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा पूनः परियोजना कार्य का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में खेल मैदान पर विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण का कार्य किया गया। पौधारोपण अभियान चलाते हुए सभी स्वयंसेवकों को अपने गॉवों में भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी स्वयंसेवकों को भी पौधे भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

---

## दिनांक – 19 नवंबर 2022

## स्वच्छता कार्य, पौध संरक्षण एवं जल संरक्षण पर परिचर्चा का अयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत आज दिनांक 19 नवंबर 2022 को स्वच्छता अभियान चलाया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत महाविद्यालय के मैदान में उग आये खरपतवार एवं बबुल के पौधों को नष्ट किया गया। महाविद्यालय के मध्य स्थित प्रांगण में साफ–सफाई किया गया। महाविद्यालय के बगल में स्थित बॉटनिकल गार्डन को स्वच्छ किया गया एवं पौधों को खाद, मिट्टी, पानी दिया गया। परियोजना कार्य के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें "जल ही जीवन है" विषय पर कार्यक्रम अधिकारी एवं उपस्थित स्वयंसेवकों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये। जल की उपयोगिता उसकी उपलब्धता एवं उसके सदुपयोग जैसे विषयों को महत्वपूर्ण रूप से बताया गया।

---

## दिनांक – 26 नवंबर 2022

### स्वच्छता अभियान एवं बौद्धिक परिचर्चा का अयोजन

आज दिनांक 26 नवंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत नियमित गतिविधि, परियोजना कार्य एवं बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परियोजना कार्य अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण, सामने स्थित ग्रीन जोन, बगल स्थित ग्रीन जोन तथा महाविद्यालय के खेल मैदान में अंतिम सफाई अभियान चलाया गया। बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत विभिन्न स्वयंसेवकों को परीक्षा की तैयारी एवं उत्तर पुस्तिका लेखन के संबंध में कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई । नियमित गतिविधि कसे सफलता पूर्वक एवं सक्रियता से कार्य करने को लेकर कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी स्वयंसेवकों के कार्यो की प्रसंशा की गई तथा उन्हें इसी तरह निरंतर राष्ट्र सेवा जारी रखने के लिए शुभकानाएँ दी गई।

---

## दिनांक – 03 दिसंबर 2022

### बॉटनिकल गार्डन के खरपतवारों की सफाई अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत आज दिनांक 03 दिसंबर 2022 को स्वच्छता अभियान चलाया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर तथा बाउँड्री वाल के किनारे किनारे सफाई का कार्य किया गया। महाविद्यालय के बगल स्थित बॉटनिकल गार्डन की कटाई – छंटाई कर पौधों को खाद, मिट्टी, पानी दिया गया। परियोजना कार्य के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें "संसाधन संरक्षण" विषय पर कार्यक्रम अधिकारी एवं उपस्थित स्वयंसेवकों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये। संसाधन संरक्षण की आवश्यकता तथा हमारे जीवन में उसकी उपयोगिता जैसे विषयों को व्याख्यात्मक रूप से बताया गया।

---

## दिनांक – 10 दिसंबर 2022

### मानवाधिकार दिवस आयोजन एवं खेल मैदान निर्गाण

राष्ट्रीय सेवा योजना के परियोजना कार्य अंतर्गत आज दिनांक 10 दिसंबर 2022 को खेल मैदान निर्माण का कार्य किया गया। आज के परियोजना कार्य में महाविद्यालय के सामने एवं बगल स्थित मैदान में विभिन्न खेल मैदानों के आवश्यकतानुसार स्वच्छता एवं निमार्ण कार्य किया गया। महाविद्यालय के अंदर के प्रांगण की साफ–सफाई एवं पौधों के संरक्षण के लिए कार्य भी किए गये।

द्वितीय सत्र में आज मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विचार संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ सम्मिलित हुए। विचार संगोष्ठी में प्राचार्य एवं स्टाफ के शिक्षकों के द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों को अपने क्षेत्रों में जनसेवा के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न जानकारियाँ दी गई ।

---

## दिनांक – 17 दिसंबर 2022

### पौध संरक्षण एवं परिसर की साफ–सफाई

आज दिनांक 17 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत ग्राम बांधाटोला में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों की टीम को दो भागों में बांटकर बांधाटोला के दो मोहल्लों में 1 घंटे क समय देकर भेजा गया। स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत बांधाटोला के दोनों मोहल्लों में हैंडपंप, विद्यालय, सड़क तथा नालियों की सफाई का विशेष कार्य करवाया गया। सभी स्वयंसेवकों ने ना केवल स्वच्छता कार्य किया बल्कि बांधाटोला के समस्त निवासियों को स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित भी किया गया।

---

## दिनांक – 07 जनवरी 2023

### महाविद्यालय स्वच्छता अभियान एवं शिविर की तैयारी

आज दिनांक 07 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमित गतिविधि अंतर्गत परियोजना कार्य का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्रीन जोन की सफाई एवं पौधों को मिट्टी, पानी, खाद दिया गया। दूसरे चरण में प्रांगण की विशेष सफाई एवं अध्ययन कक्षों की सफाई एवं व्यवस्थापीकरण का कार्य किया गया। 12 जनवरी से प्रारंभ होने वाले सात दिवसीय शिविर के संबंध में सभी स्वयंसेवकों को विशेष जानकारी प्रदान किया गया।

---

## दिनांक – 28 जनवरी 2023

### नियमित गतिविधि एवं परिसर के समस्त पौधों का संरक्षण कार्य

आज दिनांक 28 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत नियमित गतिविधि एवं परियोजना कार्य का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण, सामने के परिसर तथा ग्रीन जोन की साफ–सफाई की गई। ग्रीन जोन के खरपतवार को आज दिनांक को नष्ट किया गया। एकत्रित किये गये खरपतवार एवं कचरों का निपटान भी स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। सभी स्वयंसेवकों के द्वारा शिविर के संबंध में अपने अनुभव भी सुनाये गए और स्वयंसेवक के रूप में सेवा कार्य की निरंतरता को बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

---

## दिनांक – 04 फरवरी 2023

### परियोजना कार्य एवं एन.एस.एस. प्रमाण पत्र संबंधी परिचर्चा

राष्ट्रीय सेवा योजना के परियोजना कार्य अंतर्गत आज दिनांक 04 फरवरी 2023 को विभिन्न कार्य किये गये। आज के परियोजना कार्य में महाविद्यालय के सामने स्थित ग्रीन जोन में खरपतवार का उन्मूलन एवं क्यारियों में स्वच्छता व मिट्टी डालने का कार्य किया गया। महाविद्यालय के अंदर के प्रांगण की साफ–सफाई एवं पौधों के संरक्षण के लिए कार्य भी किए गये। बौद्धिक परिचर्चा के क्रम में एन.एस.एस. के बी एवं सी प्रमाण पत्र, उसकी तैयारी एवं परीक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारियाँ दी गई । सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्रों के महत्व को बताते हुए इसकी तैयारी करने के लिए प्रेरित भी किया गया।

## दिनांक – 24 फरवरी 2023

### अंतिम नियमित गतिविधि अंतर्गत महाविद्यालय में वृहत स्वच्छता अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत आज दिनांक 24 फरवरी 2023 को इस सत्र का अंतिम स्वच्छता अभियान चलाया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव की तैयारी हेतु विशेष स्वच्छता कार्य किया गया। महाविद्यालय के मध्य स्थित प्रांगण में साफ–सफाई का कार्य किया गया। महाविद्यालय के सामने स्थित ग्रीन जोन को स्वच्छ किया गया एवं पौधों को खाद, मिट्टी, पानी दिया गया। आगामी वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कक्षाओं को भी व्यवस्थित करने का कार्य किया गया।


परियोजना कार्य के पश्चात स्वयंसेवकों के मध्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें "रा.से.यो. का मेरा अनुभव" विषय पर कार्यक्रम अधिकारी एवं उपस्थित स्वयंसेवकों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये। सभी स्वयंसेवको ने अपने अनुभव बताये तथा आगे भी अपने जीवन में स्वयंसेवक की भॉति जीवन जीने का संकल्प लिया। इस प्रकार शैक्षणिक सत्र 2022 –23 के अंतिम परियोजना कार्य का समापन किया गया।

---


### नियमिति गतिविधि अंतर्गत परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा एवं आयोजनों के फोटोग्राफ

शैक्षिक सत्र – 2022–23 शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला, कबीरधाम









सत्र = 2022-23

सात दिवसीय शिविर छायाप्रति

# राष्ट्रीय सेवा योजना


**शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

http://www.gsvcbodla.ac.in

email – collegebodla@gmail.com


पत्र क्रमांक ....276.....                                                  बोड़ला, दिनांक 07/03/23

प्रति,

कुलसचिव

हेमचंद यादव विश्वविद्यलय दुर्ग

जिला – दुर्ग (छ.ग.)

विषय :– सात दिवसीय विशेष शिविर, ग्राम चोरमठ्ठी का प्रतिवेदन एवं व्यय पत्रक प्रेषण।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक ....189..... / दुर्ग, दिनांक 13/10/22

उपरोक्त संदर्भित पत्र के निर्देशानुसार दिनांक 12.01.2023 से 18.01.2023 तक सात दिवसीय शिविर आयोजित कर फोटोग्राफ एवं पालन प्रतिवेदन ई.मेल आई.डी. में आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है।

संलग्न :– प्रतिवेदन एवं व्यय पत्रक।

प्राचार्य

शास. स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय

बोड़ला, कबीरधाम, छ.ग.

PRINCIPAL

Govt. Swami Vivekanand College

Bodla Distt-Kabirdham(C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी

राष्ट्रीय सेवा योजना

शास.स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय

बोड़ला,जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
http://www.gsvcbodla.ac.in
email - collegebodla@gmail.com

## सात दिवसीय विशेष शिविर में सम्मिलित होन वाले स्वयंसेवकों की सूची

| क्र. | स्वयंसेवक का नाम | पिता का नाम | कक्षा | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अजय विश्वकर्मा | श्री नरेश विश्वकर्मा | M. A. II Sem. | टीम लीडर |
| 2 | मोहबत पटेल | श्री भागीरथी पटेल | B. A. II Year | |
| 3 | धनेश्वर यादव | श्री सुधराम यादव | B. A. I Year | |
| 4 | रोहित तिलगाम | श्री केहरू राम तिलगाम | B. A. II Year | |
| 5 | हेमंत मरकाम | श्री सुशील मरकाम | B. A. II Year | |
| 6 | करन विश्वकर्मा | श्री चेतन विश्वकर्मा | B. A. I Year | |
| 7 | शीतल मोहले | श्री घनश्याम मोहले | B. Sc. I Year | |
| 8 | भूपेन्द्र पटेल | श्री श्यामलाल पटेल | B. Sc. I Year | |
| 9 | अभिषेक साहू | श्री मोहन साहू | B. Sc. I Year | |
| 10 | डुबलेश्वर नेताम | श्री हरीराम नेताम | B. Sc. I Year | |
| 11 | खिलेन्द्र वर्मा | श्री धनंजय वर्मा | B. Sc. I Year | |
| 12 | सुखचंद मरकाम | श्री फागुराम मरकाम | B. Sc. I Year | |
| 13 | हरिराम साहू | श्री धनीराम साहू | B. Sc. I Year | |
| 14 | पवन पटेल | श्री सौतर पटेल | B. A. II Year | |
| 15 | होलीराज पटेल | श्री भोजेराम पटेल | B. Sc. I Year | |
| 16 | देवेन्द्र पटेल | श्री प्यारे राम पटेल | B. A. II Year | |
| 17 | जितेश पटेल | श्री जोहन पटेल | B. A. II Year | |
| 18 | राहूल टोन्डे | श्री खेमसिंग टोन्डे | B. A. III Year | |
| 19 | डाकोर पाटिल | श्री रामू पाटिल | B. A. II Year | |
| 20 | जयकुमार पटेल | श्री जानू राम पटेल | B. A. III Year | |
| 21 | धनराज पटेल | श्री पतिराम पटेल | B. Sc. I Year | |
| 22 | निलेश साहू | श्री रामखिलावन साहू | B. A. II Year | |
| 23 | विजय कुमार | श्री गेंदलाल पटेल | B. Sc. I Year | |
| 24 | किशन यादव | श्री बलराम यादव | B. Sc. I Year | |
| 25 | त्रिवेणी बंजारे | श्री लखन बंजारे | B. A. II Year | छात्रा टीम लीडर |
| 26 | मनीषा पटेल | श्री कृष्णा राम पटेल | B. A. I Year | |
| 27 | काजल पटेल | श्री रामावतार पटेल | B. A. I Year | |
| 28 | कमलेशिया पटेल | श्री सुरीत पटेल | B. A. I Year | |
| 29 | राजेश्वरी पटेल | श्री जगेराम पटेल | B. A. I Year | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 30 | हेमा हाठले | श्री संतोष कुमार | B. Sc. I Year | |
| 31 | हिम्पल ढारगवे | श्री अमरलाल ढारगवे | B. Sc. I Year | |
| 32 | फुलबासन मेरावी | श्री रैतुराम मेरावी | B. A. I Year | |
| 33 | संगीता मरकाम | श्री प्रेमचंद मरकाम | B. Sc. I Year | |
| 34 | रूकमणी मरकाम | श्री मलीचंद मरकाम | B. Sc. I Year | |
| 35 | मनीषी यादव | श्री नीतिन राम यादव | B. A. II Year | |
| 36 | मनीषा धुर्वे | श्री उदयसिंह धुर्वे | B. Com. II Year | |
| 37 | सविता मेरावी | श्री रायसिंह मेरावी | B. Sc. I Year | |
| 38 | देवकली मसराम | श्री राजकुमार मसराम | B. A. II Year | |
| 39 | निरूपा धुर्वे | श्री कमल धुर्वे | B. A. II Year | |
| 40 | देवन्तीन लहरे | श्री पवन कुमार | B. A. II Year | |
| 41 | दिव्या आंधवान | श्री चम्मूलाल आंधवान | B. Sc. I Year | |
| 42 | गोमती विश्वकर्मा | श्री शत्रुहन सिंह विश्वकर्मा | B. A. II Year | |
| 43 | पुष्पा डहरिया | श्री भूनेश्वर डहरिया | B. A. II Year | |
| 44 | पूर्णिमा साहू | श्री रामकुमार साहू | B. A. II Year | |
| 45 | उमेश्वरी चंदवंशी | श्री सुदर्शन चंद्रवंशी | B. Sc. I Year | |
| 46 | सोनी तिलकवार | श्री शंकर तिलकवार | B. A. II Year | |
| 47 | मधु पटेल | श्री द्वारिका पटेल | B. Sc. I Year | |
| 48 | मनीषा टंडन | श्री सेवकराम टंडन | B. A. II Year | |
| 49 | शालिनी बंजारे | श्री शोभाराम बंजारे | B. A. II Year | |
| 50 | सुमन रात्रे | श्री बहोरिक रात्रे | B. A. II Year | |

कार्यक्रम अधिकारी
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास.स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय
बोड़ला,जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

आचार्य
PRINCIPAL
Govt. Swami Vivekanand College
Bodla Distt-Kabirdham(C.G.)

# शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला

## राष्ट्रीय सेवा योजना

(कार्यक्रम प्रतिवेदन)

# ''सात दिवसीय विशेष शिविर''

दिनांक – 12 से 18 जनवरी 2023

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय
बोड़ला, कबीरधाम (छ.ग.)

प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला, जिला कबीरधाम

# :: शुभारंभ समारोह ::

## दिनांक : 12/01/2023 समय : दोपहर 3 बजे

सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ समारोह शिविर स्थल पंचायत भवन परिसर चोरभठ्ठी में रखा गया जिसमें आमंत्रित विभिन्न अतिथिगण, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ, शिक्षकगण, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकगण एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए। इस अवसर पर रा.से.यो. ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान एवं लक्ष्य गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।











## :: प्रभात फेरी, पी.टी., परेड एवं योग ::


### समय : प्रतिदिन प्रातः 06 से 08 बजे तक

स्वयंसेवकों को सात दिवसीय शिविर में स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखने के लिए द्वितीय दिवस से प्रतिदिन प्रातःकालीन क्रियाकलाप करवाया गया। योग प्रशिक्षक एवं दलनायक अजय विश्वकर्मा द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास तथा अन्य वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा पी.टी. एवं परेड करवाया एवं सिखाया गया। प्रतिदिन प्रभात फेरी के माध्यम से प्रातः ग्राम जागरण हेतु कार्य किया गया। समस्त शिविरार्थियों के माध्यम से प्रातःकालीन प्रभातफेरी में प्रेरणा गीत भी गाये गए। ग्राम स्तर पर अत्यधिक ठंड के बाद भी सभी स्वयंसेवक सक्रियता एवं उत्साह के साथ प्रतिदिन प्रभात फेरी में शामिल हुए।



# :: परियोजना कार्य ::

## समय : प्रतिदिन प्रातः 09 से 12 बजे तक

शिविरार्थियों के लिए सात दिवसीय शिविर में सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्रियाकलापों में से एक परियोजना कार्य रहा। प्रतिदिन निरंतरता के साथ सभी स्वयंसेवक परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम के विभिन्न स्वच्छता की आवश्यकता वाले स्थानों में परियोजना कार्य संपादित किए।

द्वितीय दिवस– शिविर स्थल पंचायत भवन तथा समीपस्थ परिसर की सफाई का कार्य किया गया ताकि शिविर स्थल के समीप आने वाले सभी आगंतुकों को शिविरार्थियों के स्वच्छता के प्रति जागरूकता को तथा उनके कार्यों को जान सकें।


तृतीय दिवस– स्वयंसेवकों तथा विद्यालय के छात्र–छात्राओं के साथ प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक आश्रम विद्यालय एवं उसके परिसर की सफाई का परियोजना कार्य सम्पन्न करवाया गया। विद्यालयों के छात्रों एवं ग्रामीण जनों को परियोजना कार्य में शामिल कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया गया।


चतुर्थ दिवस– प्रतिदिन की तरह ही चार टोली बनाकर मुख्य सड़क से लेकर ग्राम के सभी प्रमुख सड़कों की सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। सड़क किनारे स्थित हैंडपंप आदि के चारों ओर भी सफाई का तथा अटल चौक के आस पास परिसर की सफाई का कार्य किया गया। इस सफाई अभियान में पूनः ग्राम सरपंच श्रीमती रेखा रामानुज बंजारे जी एवं स्थानीय ग्रामीणजन भी सक्रियता के साथ शामिल हुए।

पंचम दिवस– परियोजना कार्य के अंतर्गत पॉचवे दिन ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम नवापारा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम नवापारा के मुख्य सड़क, आंगनबाड़ी केन्द्र, हैंडपंप आदि की सफाई की गई। स्वच्छता कार्यक्रम मे ग्राम के विद्यार्थी तथा ग्रामीणजन भी सक्रियता के साथ शामिल हुए तथा अपने ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।


षष्ठम दिवस– अंतिम दिवस के समापन कार्यक्रम को ध्यान रखते हुए इस दिन सांस्कृतिक कलामंच के आस–पास परिसर की सफाई का परियोजना कार्य पूर्ण किया गया। इस स्वच्छता कार्य में भी सभी ग्रामीणजनों का भरपूर सहयोग मिला।

अंतिम दिवस– समापन दिवस होने के कारण केवल शिविर के आस–पास परिसर में पूनः स्वच्छता कार्य किया गया ताकि स्वयंसेवकों के वापसी के पश्चात उक्त स्थान के प्रति स्वच्छता का भाव परिलक्षित होता रहे।


GPS Map Camera
Google
16/01/23 09:59 AM GMT +05:30


Google




GPS Map Camera
Google
13/01/23 10:09 AM GMT +05:30


81°F


GPS Map Camera
Balaghat, Chhattisgarh, India
NH30, Chhattisgarh 491559, India
Lat 22.173829°
Long 81.148045°
Google
13/01/23 08:48 AM GMT +05:30

# :: बौद्धिक परिचर्चा ::

**समय : प्रतिदिन दोपहर 03 से 05 बजे तक**

स्वयंसेवकों के बौद्धिक विकास एवं ज्ञानार्जन के लिए प्रतिदिन सायंकाल समय में बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों का ज्ञान बढ़ाना तथा उनको समसामयिक विषयों से परिचय करवाना रहता है। पूर्व से निर्धारित वक्ताओं को आमंत्रित कर प्रतिदिन बौद्धिक परिचर्चा आयोजित की गई। बौद्धिक परिचर्चा के विषय तथा उनके वक्ता अग्रलिखित रहे।

द्वितीय दिवस– राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व विकास एवं क्षमता निर्माण विषय पर कार्यक्रम अधिकारी श्री उमेश कुमार पाठक एवं शिविर बालिका प्रभारी अन्नपूर्णा शर्मा ने शिविरार्थियों को संबोधित किया। सभी स्वयंसेवकों को उनके उच्चतर जीवन एवं अच्छे व्यक्तित्व के गुणों से परिचित कराया गया।

उक्त सत्र के पश्चात पुलिस थाना बोड़ला के सहायक निरीक्षक श्री एवं आरक्षक श्री द्वारा साइबर क्राइम तथा बैंक फ्रॉड से सबंधित विवरण एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दिया गया। उनके द्वारा स्वयंसेवकों के प्रश्नों के भी उत्तर दिये गए।

तृतीय दिवस– "राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्र की सेवा" विषय पर श्री राकेश गौतम (सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र) तथा श्री योगेश ध्रुव (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य) ने राष्ट्र सेवा के सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक पक्षों की विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना किस तरह राष्ट्र विकास से स्वयं के विकास का यात्रा तय करता है इस पर गंभीरता पूवर्क विचार प्रस्तुत किए।

चतुर्थ दिवस– " मानव जीवन के लिए पर्यावरण का महत्व" विषय पर कार्यक्रम अधिकारी श्री उमेश पाठक, शिविर महिला प्रभारी अन्नपुर्णा शर्मा तथा सहायक प्राध्यापक श्री योगेश ध्रुव ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर स्वयंसेवकों की ओर से रोहित, भूपेन्द्र, त्रिवेणी एवं जयकुमार ने भी पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

पंचम दिवस– शिविर के पंचम दिवस पर रासेयो इकाई तथा कवर्धा नगर के प्रतिष्ठीत चिकित्सालय चंद्रायन केयर द्वारा संयुक्त रूप से समस्त ग्रामीण जनों तथा विद्यालयीन छात्र छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चंद्रायन हॉस्पिटल से डॉक्टर श्री कामेश्वर केशरवानी (शिशु रोग विशेषज्ञ) एवं श्री अविनाश मानिकपुरी (एम. डी. मेडिसीन) उपस्थित रहे। उन्होंने न केवल स्वास्थ्य परीक्षण किया बल्कि दवाईयों तथा उनके उपयोग की सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक जानकारी भी दी।

ारथ्य परीक्षण के साथ साथ ही महाविद्यालय के बी.एस.सी. तृतीय वर्ष प्राणीशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा समस्त ग्रामीण जनों, छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवकों का रक्त समूह परीक्षण का अयोजन भी किया गया। टीम ने सभी को उनके रक्त समूह की जानकारी प्रदान किया।

षष्ठम दिवस— कार्यक्रम अधिकारी श्री उमेश पाठक, सहायक श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा, सहायक प्राध्यापक सनत कुमार देवांगन, राकेश कुमार गौतम, योगेश ध्रुव तथा महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापकों द्वारा पिछले दिनों के बौद्धिक परिचर्चा के विभिन्न विषयों तथा समापन दिवस की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई तथा बौद्धिक परिचर्चाओं से होने वाले लाभ संबंधी विषयों पर सभी शिविरार्थियों से उनका विचार एवं सुझाव प्राप्त किया गया।












## :: चाय एवं देशी खेलकूद ::

### समय : प्रतिदिन सायंकाल 05 से 06 बजे तक


शिविरार्थियो के समग्र विकास के लिए प्रतिदिन सायंकाल समय मे देशी खेलकूद भी करवाया गया। समीपस्थ मैदान मे वरिष्ठ स्वयंसेवकों के द्वारा राम–रावण, कितने बच्चे कितने, कबड्डी, खो–खो, समन्वय का खेल तथा सम्प्रेषण से संबंधित खेल करवाया गया। प्रतिदिन खेलकूद में सभी स्वयंसेवक अनिवार्य रूप से भाग लेते रहे।



## :: ग्राम संपर्क ::

### समय : प्रतिदिन सायंकाल 06 से 06.30 बजे तक

ग्रामीणजनों की सामान्य जानकारी तथा उनकी समस्याओं को जानने के उद्देश्य से प्रतिदिन आधा घंटे का ग्राम संपर्क की जिम्मेदारी भी दी गई। प्रत्येक स्वयंसेवक पृथक–पृथक घरों में जाकर प्रतिदिन विभिन्न निर्धारित जानकारियॉं प्राप्त किये तथा प्रतिदिन उनका विश्लेषण भी किया गया। सभी स्वयंसेवक उक्त सर्वे से प्राप्त जानकारी पर कार्यक्रम अधिकारी से मार्गदर्शन एवं टिप्पणी करवाते रहे। ग्राम संपर्क हेतु निर्धारित जानकारी प्रपत्र सर्वेक्षण के नियमों के आधार पर तैयार किया गया था ।







## :: स्वयंसेवकों की बैठक एवं समीक्षा ::

### समय : प्रतिदिन रात्रि 07 से 07.30 बजे तक

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन मे प्रतिदिन सायंकाल सत्र मे दैनिक गतिविधियों पर आधारित समीक्षा बैठक किया जाता था। प्रातःकाल जागरण से लेकर रात्रिकालिन विश्राम तक समस्त कार्यों एवं क्रियाकलापों का विश्लेषण एवं समीक्षा की जाती रही। समीक्षा के दौरान निरंतर शिविरार्थियों को होने वाली समस्याओं आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।



## :: सांस्कृतिक कार्यक्रम ::

### समय : प्रतिदिन रात्रि 08 से 10.00 बजे तक

शिविर के प्रमुख क्रियाकलापों में से एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी स्वयंसेवकों ने प्रतिदिन सक्रियता से भाग लिया। प्रतिदिन शिविरार्थियों के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर आधारित लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया । समाजिक तथा शैक्षिक विषयों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन भी प्रतिदिन किया गया। ग्रामीणजनों की निरंतर भागीदारी भी उक्त कार्यक्रम में रही। विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भी प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभाई। सांस्कतिक कार्यक्रमों की विभिन्न तैयारियॉं वरिष्ठ स्वयंसेवक अजय विश्वकर्मा, जयकुमार, कु. त्रिवेणी बंजारे एवं कु. पायल पटेल ने पूर्ण करवाया। प्रतिदिन 100 से अधिक ग्रामीणजन उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होते रहे।









# :: समापन कार्यक्रम ::


**दिनांक : 18/01/2023 समय : दोपहर 2 बजे**

शिविर का समापन कार्यक्रम शिविर स्थल पंचायत भवन परिसर में रखा गया जिसमें आमंत्रित विभिन्न अतिथिगण, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सदस्यगण, महाविद्यालय में सांसद प्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ, शिक्षकगण, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकगण एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए। ग्राम के सरपंच महोदया एवं उनके सरपंच प्रतिनिधि का अद्वितीय सहयोग समापन तक निरंतर बना रहा।









कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
[illegible] महाविद्यालय

PRINCIPAL